# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 28 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-89

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हत्या के दोषी दो लोगों को फांसी

तोक्यो (आरएनएस)। जापान में हत्या के दोषी दो लोगों को गुरुवार को फांसी दे दी गई। इसके साथ ही देश में इस साल फांसी पर चढ़ाए गए लोगों की संख्या 15 हो गई है। देश में अभी 100 से अधिक कैदी मौत की सजा का सामना कर रहे हैं। जापान मृत्युदंड को बरकरार रखने वाले कुछ विकसित देशों में से एक है और अंतरराष्ट्रीय आलोचना तथा मानवाधिकार समूहों की ओर से आलोचना के बावजूद देश में मौत की सजा को जनता का भारी समर्थन प्राप्त है। जापान के न्याय मंत्री ताकाशी यामाशिता ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कीजो कावामुरा (60) और हिरोया स्यूमोरी (67) को फांसी दी गई। वे 1988 में हुई एक निवेश कंपनी के प्रमुख और एक कर्मचारी की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए थे। इन लोगों ने करीब दस लाख येन : आज की दर से 900,000 डालर चुराने के बाद दोनों पीड़ितों के शवों को पहाड़ी पर कंक्रीट में दबा दिया था। उन्हें साल 2004 में फांसी की सजा सुनायी गयी थी। विधि मंत्री तकाशी यामाशिता ने संवाददाता सम्मेलन में बताया, '' यह बेहद जघन्य अपराध था जिसने पूरे समाज को झकझोर दिया था।

### हाईकोर्ट ने याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**राष्ट्रपति के अंगरक्षक की भर्ती को चुनौती देने का मामला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति के अंगरक्षक की भर्ती में सिर्फतीन जातियों पर ही विचार करने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और सेना प्रमुख से जवाब मांगा है।

### केजरीवाल के हाथ में रहेगी आप की कमान!

**पार्टी बैठक में होगा फैसला**

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय परिषद की बैठक आगामी शनिवार को होगी। इस बैठक में अगले सत्र होने वाले आम चुनावों की तैयारियों और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा होगी। सुविज्ञ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आप के संविधान में संशोधन किए जाने की संभावना है, ताकि एक व्यक्ति के अधिकतम दो बार पार्टी पदाधिकारी रहने के नियम को बदला जा सके. इसका मतलब यह होगा कि आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेशा के लिए पार्टी प्रमुख बने रह सकते हैं.

### नव वर्ष पर मोदी सरकार देगी 2 हजार करोड़ का सौगात

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत को म्यांमार और थाईलैंड से जोड़ने वाला हाइवे दिसंबर 2019 तक पूरा होने की संभावना है. 1360 किमी. लंबे इस हाइवे पर लगातार काम जारी है और इसके 2019 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है. सरकारी सूत्रों के मुताबिक भारत के लिए ये पुल न सिर्फ रणनीतिक बल्कि पर्यटन के लिहाज से फायदेमंद साबित होगा. साथ ही यह हाइवे नॉर्थ-ईस्ट के विकास में भागीदार बनेगा. ये हाइवे मणिपुर के मोरेह से म्यांमार के तामू शहर तक जाएगा. आपको बता दें ये हाइवे तीन हिस्सों में बनाया जा रहा है. जिसके दो हिस्सों का निर्माण म्यांमार सरकार कर रही है.

### गर्भवती महिला को कैसे चढ़ा दिया एचआईवी संक्रमित खून

**मद्रास हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब**

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के विरुदनगर स्थित सरकारी अस्पताल में एक 24 वर्षीय गर्भवती महिला को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाये जाने के मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा है. उल्लेखनीय है कि संक्रमित खून चढ़ाने से महिला की स्थिति चिंताजनक हो गई है। हाईकोर्ट ने इस मामले में सरकार को 3 जनवरी तक जवाब देने को कहा है.

# एनआईए ने गिरफ्तार किए 10 संदिग्ध आतंकी

## मौलवी से लेकर सिविल इंजिनियर तक शामिल, आत्मघाती हमलों की भी थी तैयारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। एनआईए की ओर से हिरासत में लिए गए आतंकी देश की कई मुख्य हस्तियों, प्रतिष्ठानों और दिल्ली के बड़े बाजारों को निशाना बनाने की तैयारी में थे। यही नहीं ये लोग अगले कुछ ही दिनों में कई जगहों पर बम धमाके या फिर फिदायीन अटैक करने की तैयारी में थे। इसके लिए ये लोग रिमोट कंट्रोल बम और सूइसाइड जैकेट तैयार करने में जुटे थे। एनआईए के आईजी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह पूरी जानकारी दी। ये आतंकी आईएसआईएस के नए मॉड्यूल हरकत-उल-हर्ब-ए-इस्लाम के जरिए साजिश रच रहे थे।

उन्होंने बताया कि 16 संदिग्धों से पूछताछ के बाद 10 लोगों को अरेस्ट कर लिया गया है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी और यूपी एटीएस ने मिलकर की है। एनआईए के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों में से 5 उत्तर प्रदेश के और 5 दिल्ली के हैं। ये सभी लोग विदेश में बैठे एक हैंडलर के संपर्क में थे। एनआईए ने हैंडलर के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।

एनआईए के मुताबिक इन लोगों से एक देसी रॉकेट लॉन्चर बरामद हुआ है। इनके पास 120 अलार्म क्लॉक मिली हैं, जिसे बम बनाने में इस्तेमाल करने वाले थे। संदिग्धों में एक महिला भी है, जिससे पूछताछ की जा रही है। अभी कई और लोगों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

**अमरोहा का है मुख्य आरोपी, मस्जिद में है मौलवी**

एनआईए के मुताबिक इन आतंकियों का मुखिया मौलवी सुहैल अमरोहा का है और दिल्ली के जाफराबाद में रहता था। वह एक मस्जिद में मौलवी था। गिरफ्तारी में से 5 दिल्ली और 5 यूपी के हैं।

**आरोपियों में सिविल इंजिनियर, ड्राइवर और मौलवी शामिल**

आईएसआईएस से प्रभावित इस मॉड्यूल में एमिटी यूनिवर्सिटी में सिविल इंजिनियरिंग करने वाला छात्र, ऑटो ड्राइवर, मौलवी, गारमेंट्स का बिजनस करने वाला युवक शामिल है। इनमें से ज्यादातर की आयु 20 से 30 साल की है। संदिग्धों में एक महिला भी शामिल है।

**वॉट्सऐप और टेलिग्राम पर करते थे बात**

एनआईए के मुताबिक, ये संदिग्ध वॉट्सऐप और टेलिग्राम पर एक-दूसरे से करते थे। एनआईए ने बताया कि हमारे पास जो इनपुट्स हैं, उसके मुताबिक रिमोट कंट्रोल बम और फिदायीन हमलों में इनका मुख्य फोकस था। इसके लिए ये लोग बुलेट प्रूफ जैकेट्स बनाने में भी जुटे थे। 3 से 4 महीने पहले ही यह मॉड्यूल शुरू हुआ था। 100 से ज्यादा मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। 135 सिम कार्ड्स, कई लैपटॉप और मेमोरी भी बरामद की है।

# चीन दूतावास हमले का मास्टरमाइंड ढेर

क्वेटा (आरएनएस)। पाकिस्तान के कराची में चीनी दूतावास पर हुए हमले का मास्टरमाइंड एवं प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का मुख्य नेता असलम अफगानिस्तान के दक्षिणी प्रांत कंधार में आत्मघाती हमले में मारा गया है। अफगानिस्तान से मिली रिपोर्ट्स के मुताबिक कंधार के आईनो माइना इलाके में मंगलवार को एक मकान पर आत्मघाती हमला हुआ जहां बीएलए के कई नेता बैठक के लिए उपस्थित थे। हमले में असलम सहित पांच आतंकवादी मारे गये।


मारे गये आतंकवादियों की पहचान संगत सरदारो उर्फ ताजो, करीम मारीं उर्फ रहीम बलोच, संगत अख्तर बलोच उर्फ रुस्तम, फीड बलोच और सादिक बलोच के रूप में की गयी है। बलूचिस्तान में अधिकतर



आतंकवादी हिंसा के लिए जिम्मेदार बीएलए ने असलम उर्फ अचु की मौत की पुष्टि की है। संगठन ने स्वीकार किया कि असलम के साथ अन्य आतंकवादी भी मारे गये हैं।

असलम को चीनी दूतावास पर हुए हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। वह चंगाई जिले में चीनी इंजीनियरों को ले जारी बस पर हुए हमले में भी संलिप्त था। अफगान मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक आत्मघाती हमले में असलम बुरी तरह घायल हो गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## जेटली ने दी एनआईए को शाबाशी



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने खतरनाक आतंकवादी माड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक संचार पर निगरानी से ही यह कामयाबी हासिल हो सकी है। जेटली ने ट्वीट किया, खतरनाक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए एनआईए को शाबाशी। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या इलेक्ट्रॉनिक संचार पर होने वाली निगरानी के बिना आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा संभव हो पाता।

पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने पूछा कि इलेक्ट्रॉनिक संचार पर सबसे अधिक निगरानी क्या संप्रग सरकार के कार्यकाल में नहीं की गयी थी। जेटली ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वायत्तता सर्वोपरि है। जीवन और व्यक्तिगत आजादी केवल मजबूत लोकतांत्रिक देश में ही सुरक्षित रह सकती है, आतंकवादियों के प्रभुत्व वाले देश में नहीं।

## कार और टैंकर की टक्कर में चार लोगों की मौत

टॉम्स रिवर (अमेरिका) (आरएनएस)। अमेरिका के न्यूजर्सी शहर में कार और टैंकर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई।



घटना बुधवार देर रात दो बजकर 50 मिनट पर टॉम्स रिवर के नजदीक पर हुई। पुलिस ने कहा कि एक कार ने टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। इस दौरान कार में सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में टैंकर चालक को मामूली चोट आई है।

## हवाई हमले में आईएस प्रवक्ता ढेर

जलालाबाद (आरएनएस)। पूर्वी अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में सुरक्षा बलों के ड्रोन हमलों में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट का प्रवक्ता मारा गया है। सेना ने आज यह



जानकारी दी है। सेना की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए ड्रोन विमानों की मदद से बुधवार को आईएस के प्रवक्ता अजीज अजाम के ठिकाने को निशाना बनाया गया। वह अफगानिस्तान में आई एस का प्रवक्ता था।

इसके अलावा वह आतंकवादियों की भर्ती का काम भी देखता था जिनका मकसद उच्च सैन्य अधिकारियों को निशाना बनाना होता था। इस हमले के बारे में अभी तक आईएस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है।

## बस और ट्रक की टक्कर में 8 लोगों की मौत, 30 घायल

खड़गपुर (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में बुधवार को बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े सात बजे तारकेश्वर जा रही बस चंद्रकोना ब्लॉक अंतर्गत खजूरबनी में सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गयी। हादसे में छह लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में बस का चालक भी मारा गया।

चश्मदीदों ने बताया कि बस चालक का रास्ते में अचानक आ गयी एक तिपहिया साइकिल को बचाने की कोशिश में वाहन से नियंत्रण हट गया और बस सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गयी। मृतकों की अब तक पहचान नहीं की जा सकी है।

## चौकीदार चोर है तो गठबंधन छोड़ क्यों नहीं देती शिवसेना?




मुंबई (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समर्थित मराठी अखबार तरुण भारत के संपादकीय लेख के जरिए शिवसेना पर जमकर हमला बोला गया है. बुधवार को प्रकाशित उक्त लेख में पूछा गया है कि चौकीदार चोर है के नारे से पीएम पर निशाना साधने वाली उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना गठबंधन की सरकार से हट क्यों नहीं जाती. शिवसेना महाराष्ट्र और केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली गठबंधन का हिस्सा होने के बाद भी लगातार बीजेपी की आलोचना कर रही है. अखबार के चौकीदार चोर है का नारा देकर ठाकरे खुद को और अपनी पार्टी के मंत्रियों को चोर कह रहे हैं. लेख में साफ तौर पर कहा गया है कि अगर शिवसेना को लगता है कि चौकीदार चोर है तो वो तुरंत सरकार को छोड़ती क्यों नहीं है?

शिवसेना ने सत्ता छोड़ने का इरादा नहीं किया है और न ही ऐसा करने की उसमें हिम्मत है.

## निरंतर 9वें दिन बाधित हुई राज्यसभा की कार्यवाही

नयी दिल्ली (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग, तमिलनाडु में कावेरी बांध के निर्माण और बुलंदशहर हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण गुरुवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के करीब 10 मिनट बाद ही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह 11 बजे राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति एम. वेंकैया नायडू ने उच्च सदन के पूर्व सदस्यों एन. राजगम और जय नारायण निषाद के निधन की जानकारी सदन को दी। इसके बाद सदस्यों ने दिवंगत दोनों पूर्व सदस्यों के सम्मान में कुछ देर का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजगम ने उच्च सदन में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व किया



था जबकि निषाद ने उच्च सदन में बिहार का प्रतिनिधित्व किया था। इसके बाद सभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर पेश किए जाने के तुरंत बाद अन्नाद्रमुक, तेदेपा, सपा सहित विभिन्न दलों के सदस्यों ने अपने अपने मुद्दों पर हंगामा शुरू कर दिया। अन्नाद्रमुक और वाईएसआर कांग्रेस के सदस्य आसन के समक्ष आकर अपने अपने मुद्दे उठा रहे थे। अन्नाद्रमुक के सदस्य कावेरी नदी पर बांध के निर्माण का विरोध कर रहे थे वहीं तेदेपा और वाईएसआर कांग्रेस के सदस्य आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह से की मुलाकात, प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष के चयन के विषय में की चर्चा



नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने आज दिल्ली में बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उनसे प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष के चयन के विषय में चर्चा की। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी उनसे विस्तृत बातचीत हुई।

## मां ने बॉयफ्रेंड संग रिश्ते को नहीं माना तो बेटी ने ले ली जान

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में एक बेटी ने अपनी ही मां की जान ले ली। इसकी वजह बना है, बेटी का अपने बॉयफ्रेंड से रिलेशनशिप। बताया गया कि बेटी के रिलेशनशिप को मां ने स्वीकृति नहीं दी, जिसके चलते बेटी ने मां की हत्या कर दी। मामले में आरोपी बेटी के साथ-साथ उसके बॉयफ्रेंड और दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी एस देवप्रिया एक प्राइवेट कॉलेज में बीकॉम की छात्रा है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को देवप्रिया ने कक्कालूर स्थित अपने घर में अपनी मां एस भानुमती को चाकू मार दिया। आनन-फानन में भानुमती को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसी रात उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि देवप्रिया ने अपने बॉयफ्रेंड से इस बारे में जिक्र किया था कि मां उनके रिश्ते को मान नहीं रही है। देवप्रिया के बॉयफ्रेंड ने ही उसे अपनी मां की जान लेने के लिए उकसाया। देवप्रिया ने हत्या की साजिश को अंजाम देने के लिए अपने दोस्तों विग्नेश और अजीत कुमार की भी मदद ली। इन दोनों के साथ-साथ देवप्रिया के बॉयफ्रेंड को भी गिरफ्तार किया गया है।

## छात्र ने डेटिंग साइट पर डाला महिला प्रोफेसर का नंबर, गिरफ्तार





अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के अहमदाबाद में 24 साल के एक छात्र को अपनी महिला प्रोफेसर का नंबर डेटिंग साइट्स पर डालने के लिए गिरफ्तार किया गया है। छात्र ने प्रोफेसर का नंबर डेटिंग साइट्स के कुछ ऐसी साइट्स पर भी डाला था जो पॉर्नोग्राफिक कैटिगरी के अंदर आती हैं।

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के साइबर सेल के अधिकारी ने बताया कि छात्र को अपनी 40 साल की प्रोफेसर से शिकायत थी क्योंकि उन्होंने कुछ महीने पहले ही उसे खराब प्रदर्शन के चलते डांट लगाई थी जिसके बाद से छात्र ने प्रोफेसर से बदला लेने की ठान ली। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, स्टूडेंट ने सबसे पहले अलग-अलग साइट्स पर फेक आईडी बनाई, जो विदेश से मॉनिटर की जाती हैं। इसके बाद उसमें नाम, नंबर, ईमेल आईडी और महिला प्रोफेसर की तस्वीर भी पोस्ट कर दी।

इसके बाद महिला प्रोफेसर को कई अंजान नंबरों से कॉल आने लगीं। यही नहीं उनका ईमेल और मेसेज फोल्डर भी अश्लील मेसेज और तस्वीरों से भर गया था। प्रताड़ित होकर महिला ने पिछले हफ्ते साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल ने पता लगाया कि जिन वेबसाइट्स पर प्रोफेसर की प्रोफाइल बनाई गई हैं वह विदेश से ऑपरेट होती है।

## राजधानी में ठंड से कोई राहत नहीं, न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री से

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को भी शीतलहर पूर्ववत जारी रही और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन अंक कम 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वर्ष 2014 के बाद बुधवार का दिन दिसंबर का सबसे ठंडा दिन आंका गया था जब शहर का न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस और राजधानी के कई हिस्सों में यह 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को आर्द्रता 97 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि आज न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के सामान्य से तीन डिग्री कम है।